CONF./VIGYAPTI

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

बोर्ड परीक्षा–2017 के सत्रांक ऑनलाईन भिजवाने बाबत्

क्रमांक–माशिबो/गोप./2017/02 दिनांकः–23.02.2017

उच्च माध्यमिक, माध्यमिक, वरिष्ठ उपाध्याय, प्रवेशिका एवं व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा 2017 के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन दिनांक 27.02.2017 से 28.03.2017 तक बोर्ड वेबसाईड www.rajeduboard.nic.in पर "Online Sessional Main Exam-2017" लिंक पर प्रस्तुत किये जा सकते हैं। सत्रांक भरने सम्बन्धित प्रक्रिया एवं निर्देश उक्त वेबसाईड पर उपलब्ध है, इनका भली–भांति अध्ययन कर सत्रांक भरने की कार्यवाही करे। सत्रांक अपलोड करने के पश्चात् इसकी हार्ड कॉपी निकालकर शालाप्रधान अपने पास सुरक्षित रखें, बोर्ड को प्रेषित नहीं करें। निर्धारित अवधि के पश्चात् आगामी 7 दिन विलम्ब शुल्क रू. 500/– एवं इसके पश्चात् आगामी 07 दिन तक दुगने विलम्ब शुल्क रू.1000/– प्रति विद्यालय प्रति परीक्षा ई–मित्र पर जमा कराकर ऑनलाईन सत्रांक भरने का अवसर प्रदान किया जायेगा। सत्रांक भरने के पश्चात् हार्डकॉपी में त्रुटि प्रतीत होने पर संशोधन दिनांक 28.03.2017 के पश्चात् 14 दिवस में रू.100/– प्रति विषय प्रति परीक्षार्थी ई–मित्र पर जमा कराकर शाला प्रधान ऑनलाईन ही संशोधन कर सकेंगे। ऑफलाईन संशोधन स्वीकार नहीं होंगे। आठवीं बोर्ड के सत्रांक 1 मार्च से 05 अप्रैल 2017 के मध्य ऑन लाईन भरे जायेगें।

सचिव

माध्यमिक शिक्षा बोर्ड, राजस्थान, अजमेर

उच्च माध्यमिक / माध्यमिक / वरिष्ठ उपाध्याय / प्रवेशिका / व्यावसायिक शिक्षा परीक्षा–2017 के विद्यालयों द्वारा ऑनलाईन सत्रांक भरने बाबत् निर्देश

बोर्ड द्वारा आयोजित वर्ष–2017 की विभिन्न परीक्षाओं के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक ऑनलाईन भरने हेतु बोर्ड वेबसाईट दिनांक 27 फरवरी, 2017 से 28 मार्च, 2017 तक खुली रहेगी। **इसी अवधि के मध्य सभी विद्यालयों को अपने विद्यालय के नियमित परीक्षार्थियों के सत्रांक ऑनलाईन इंद्राज कर LOCK करना अनिवार्य है।** इस हेतु बोर्ड की वेबसाईट www.rajeduboard.nic.in पर बोर्ड परीक्षा–2017 के लिंक पर क्लिक करें। इसके पश्चात् सत्रांक भरने हेतु निम्न प्रक्रिया को अपनावें :–

1. सर्वप्रथम Login करने हेतु अपना School Code/Login ID एवं पासवर्ड (जो कि वर्तमान में जारी किया हुआ है) देकर Login बटन को क्लिक करें।
2. आपके सामने CHANGE PASSWORD WINDOW है जिसमें सर्वप्रथम आपकों अपना पासवर्ड परिवर्तन करना अनिवार्य है एवं परिवर्तित पासवर्ड केवल सत्रांक हेतु मान्य रहेगा।
3. अब आप जिस कक्षा (उच्च माध्यमिक / वरिष्ठ उपाध्याय / माध्यमिक / प्रवेशिका / व्यावसायिक शिक्षा) के सत्रांक भरना चाहते हैं, उस पर क्लिक करें।
4. अब आपके सामने MAIN MENU है जिसमें Fill Sessional Marks, Print Check List, Updated Sessional Marks, Lock Sessional Marks एवं Print Sessional Marks के ऑप्शन है।
5. Fill Sessional Mark ऑप्शन को क्लिक करें।
6. अब आप जिस विषय के सत्रांक भरना चाहते हैं, उस विषय को Select करें। Select करने के पश्चात् Proceed बटन को क्लिक करें।
7. अब Select किये गये विषय के सत्रांक भरें। सत्रांक में 0 (जीरो) अंक / अनुपस्थित / स्वअध्ययन / Not Applicable आदि भरने हेतु Activity वाले कॉलम में से संबंधित ऑप्शन चुने। ध्यान रहे कि सत्रांक भरने के पश्चात् Proceed बटन को क्लिक करें। इस प्रकार आपको सभी विषयों के सत्रांक भरने होंगे। Main Menu पर जाने के लियें Back बटन का उपयोग करें।
8. सभी विद्यार्थियों के सत्रांक भरने के पश्चात् Print Check List ऑप्शन से चैक लिस्ट प्रिन्ट कर सत्रांक की मूल प्रति से मिलान अवश्य कर लें। Main Menu पर जाने के लियें Back बटन का उपयोग करें।
9. चैक लिस्ट में कोई संशोधन हो तो Update Sessional Mark ऑप्शन का उपयोग करें। जिस विषय में संशोधन अपेक्षित है, उस विषय को Select कर संबंधित रोल नम्बर के अंक संशोधित करें, समस्त संशोधन के पश्चात् Proceed बटन क्लिक करें। इस बात का पूर्ण रूप से ध्यान रखा जावे कि एक विषय के एक रोल नम्बर में **संशोधन एक बार ही किया जा सकेगा।**
10. समस्त संशोधन करने के पश्चात् Lock Sessional Mark बटन को क्लिक करें। अब जिस विषय के समस्त सत्रांक भर दिये गये हैं एवं संशोधन कर दिया गया है। उस विषय को Select करे एवं Proceed बटन दबायें यहां ये विशेष रूप से ध्यान रखे की सम्बन्धित विषय के समस्त सत्रांक भर दिये गये हैं। **एक बार Lock करने के पश्चात् उसमें संशोधन सम्भव नहीं होगा।**
11. Lock किये गये सत्रांकों का फाईनल प्रिन्ट आउट लेने के लिये Print Sessional Mark ऑप्शन को क्लिक करें एवं सत्रांक प्रिन्ट करें। यहाँ यह ध्यान रहे कि सत्रांक वे ही मान्य होगें जो कि Print Sessional Mark ऑप्शन के द्वारा प्रिन्ट किये गये हैं। Main Menu पर जाने के लिये Back बटन का उपयोग करें।
12. विषय परिवर्तन की स्थिति में कम्प्यूटर पर ऑनलाईन किसी विषय विशेष में रोल नम्बर नहीं हो तो ऐसे छात्रों के उस विषय के सत्रांक विद्यालय के लेटर पेड पर प्रमाणित कर पृथक से **अनिवार्यत: बोर्ड को भिजवाये।**
13. **शाला प्रधान निर्धारित समयावधि में ही ऑनलाईन सत्रांक LOCK करके Print Sessional Mark ऑप्शन द्वारा प्रिन्ट की गई प्रति को अपने पास सुरक्षित रखे इसे बोर्ड को नहीं भिजवाना है।**

सचिव